विस्तृत सूचना

एल0एल0बी0 प्रवेश एवं प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की सत्यापन प्रक्रिया, वर्ष 2019

एल0एल0बी0 : सत्यापन प्रक्रिया (दिनांक 22, 23 एवं 24 जुलाई 2019)

दिनांक 22 जुलाई से 24 जुलाई 2019 के मध्य प्रातः 10 बजे से उपराह्न 3 बजे तक विधि संकाय के मध्य विधि संकाय/विभाग कार्यालय, एस0एस0जे0 परिसर, लोवर कैम्पस, अल्मोड़ा में सत्यापन समिति द्वारा एल0एल0बी0 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के वांछित मूल प्रमाणपत्रों, अंकपत्रों एंव अधिभार अंकों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन कार्य सम्पन्न किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उपर्युक्त प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की मूल प्रति के साथ एक स्वप्रमाणित स्पष्ट छायाप्रति भी साथ लानी आवश्यक होगी।

एल0एल0बी0: प्रवेश प्रक्रिया

अभ्यर्थियों की उपर्युक्त सत्यापन प्रक्रिया सम्पन्न किये जाने के उपरान्त दिनांक 27 जुलाई, 29 एवं 30 जुलाई 2019 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विधि संकाय/विभाग कार्यालय, एस0एस0जे0 परिसर, लोवर कैम्पस, अल्मोड़ा में एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर (2019–20) की प्रवेश प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी–

(जिसमें ''एपीयरिंग'' अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में शपथपत्र जमा करना अनिवार्य होगा)–

प्रथम दिन– 27 जुलाई 2019 (शनिवार)	योग्यता सूची के आधार पर प्रथम 63 सीटों के (सामान्य श्रेणी के) प्रवेश
द्वितीय दिन– 29 जुलाई 2019 (सोमवार)	(1) सामान्य श्रेणी की रिक्त सीटों पर प्रतिक्षित/स्ववित्तपोषित योग्यता सूची के अनूसार प्रवेश। तथा (2) आरक्षित श्रेणियों की उन सीटों हेतु प्रथम योग्यता सूचियों के अनुसार प्रवेश।
तृतीय दिन– 30 जुलाई 2019 (मंगलवार)	(1) आरक्षित श्रेणियों की रिक्त सीटों (यदि शेष हो) पर प्रतीक्षा सूची के आधार पर प्रवेश। नोट– आरक्षित श्रेणी की प्रतीक्षा सूची के अनुसार दिनांक 30 जुलाई को प्रवेश समाप्त होने पर भी यदि सीट/सीटें रिक्त रहें तो आरक्षित क्षेणी की प्रथम सूची तथा प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को दिनांक 7 अगस्त के दिन दोपहर 12 बजे तक संकाय कार्यालय में उपस्थिति के आधार योग्यता सूची के आलोक में प्रवेश का अंतिम अवसर प्रदान किया जाएगा। (2) सामान्य श्रेणी का रिक्त (यदि शेष हो) सीटों तथा समस्त स्ववित्तपोषित सीटों पर प्रतीक्षित/स्ववित्तपोषित योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश किए जाऐंगे। नोट– स्ववित्त पोषित सीटें दिनांक 30 जुलाई की प्रक्रिया के उपरान्त भी रिक्त रहने पर कुल योग्यता सूची के आलोक में अभ्यर्थियों को दिनांक 8 अगस्त को प्रवेश का अंतिम अवसर प्रदान किया जाएगा।